# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
**रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771-2222990 (GST- 22JBPS02579D1D2)**

==========================================================

क्रमांक 3117 /जीडीसी/क्रय/2025 रायपुर, दिनांक 23/07/25

**// तृतीय निविदा सूचना //**

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के विभागों एवं शाखाओं से निकलने वाले कपड़े इत्यादि की धुलाई एवं प्रेस कार्य हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट **www.govtdentalcollegeraipur.in** से डाउनलोड किये जा सकते है। इसके लिये राशि रूपये 500/- का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा दिनांक **04/08/2025**, सायं 5.30 बजे तक राशि रू. 500/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर महाविद्यालय से प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1 | कपड़े इत्यादि की धुलाई एवं प्रेस कार्य | 04 लाख | 4000.00 |

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 04/08/2025 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 06/08/2025 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा खोले जाने की तिथि - 07/08/2025 समय दोपहर 12.00 बजे
निविदा जमा करने का स्थान - शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छ.ग.
निविदा खोले जाने स्थान - शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छ.ग.

Digitally signed by
Dr Virendra Vadher
Date: 25-07-2025
12:19:12

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर



o. GENS-1105/32/2025-GOVERNMENT DENTAL COLLEGE SECTION (Computer No. 20262)
...ated from eOffice by Shailendra Das, CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT on 25/07/2025

# कार्यालय प्राचार्य
# शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771-2222990 (GST- 22JBPS02579D1D2)

क्रमांक 3117 /जीडीसी/क्रय/2025 रायपुर, दिनांक 23/7/2025

## // तृतीय निविदा प्रपत्र//

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के विभिन्न विभागों एवं शाखाओं से निकलने वाले कपड़े इत्यादि की धुलाई एवं प्रेस कार्य हेतु दो सील बंद लिफाफा 1. सुरक्षा निधि एवं प्री क्वालीफिकेशन बिड 2. प्राईज बिड में निविदा आंमत्रित की जाती है। प्री-क्वालीफिकेशन बिड में सफल निविदाकर्ताओं के प्राईज - बिड खोले जायेगें।

**लिफाफा-1 (सुरक्षा निधि एवं प्री क्वालीफिकेशन बिड )**

1. निविदा के साथ रूपये 4000=00 (रू. चार हजार मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी बैंक डिमांड ड्राफ्ट/बेंकर्स चेक जो प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम देय हो, जमा किया जाना अनिवार्य है।
2. निविदाकर्ता का वाणिज्य कर विभाग में पंजीयन होने का जीवित प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं नवीन सेल्स/जीएसटी क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट।
3. निविदाकर्ता का पिछले दो वर्षों का टर्न ओव्हर कुल रूपये 03 लाख का, जो सी.ए. अथवा बैंक द्वारा सत्यापित हो संबंधी प्रमाण पत्र ।
4. पिछले दो वर्षों में निविदाकर्ता द्वारा किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में संबंधित कार्य हेतु जारी आदेश की प्रति तथा संस्था द्वारा जारी परफारमेंस सर्टिफिकेट।
5. सभी दरें भारतीय रूपयों मे देने होंगे। GST अलग से उल्लेख किये जायेंगे।
6. निविदा की समस्त शर्तें स्वीकार्य (Acceptance of all terms & conditions) संबंधी प्रमाण पत्र।

**लिफाफा-2 ( प्राईज बिड )**

1. दर, भारतीय रूपये में निम्न प्रारूप में दिया जाये-

| क्रमांक | नाम | दर (धुलाई एवं प्रेस कार्य) | टैक्स (GST%) | GST दर | कुल कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**निविदा की शर्तें:-**

1. निविदा में प्राप्त दर की वैधता, 02 वर्ष के लिये रहेगी। इस हेतु संबंधित फर्म से नान ज्युडिशियल स्टाम्प में अनुबंध किया जावेगा।
2. निविदा क्रमांक 2733, दिनांक 20/07/2025 में प्रस्तुत किये गये निविदाकारों के निविदा प्रपत्र एवं समस्त दस्तावेज मान्य किये जायेंगे इस हेतु संबंधितों को निर्धारित समयावधि तक सहमति/आवेदन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
3. कपड़ो की धुलाई हेतु महाविद्यालय से किसी भी प्रकार की सामाग्री प्रदाय नहीं की जावेगी।
4. कपड़ों को संबंधित विभाग से स्वयं लेकर जाना होगा तथा धुलने एवं प्रेस होने के पश्चात् संबंधित विभाग/शाखा में पंहुचाना होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त राशि भुगतान नही की जावेंगी।
5. निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर को होगा, जिसका कारण बताने के लिये कार्यालय बाध्य नहीं है। निविदाकार की कोई भी शर्तें मान्य नहीं की जावेगी।

6. निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट **www.govtdentalcollegeraipur.in** से डाउनलोड किये जा सकते है। इसके लिये राशि रूपये 500/- का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा दिनांक 04/08/2025, सायं 5.30 बजे तक राशि रू. 500/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर महाविद्यालय से प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं होगी।
7. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 06/08/2025 सायं 5.30 बजे तक नियत है। इसके पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा ।
8. निविदा दिनांक 07/08/2025 को दोपहर 12.00 बजे प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) में खोला जायेगा। निविदाकार या उनके प्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित हो सकते है।
9. समस्त क्रय प्रक्रिया छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 के अनुसार शासित होंगे।

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर

## शपथ पत्र का प्रारूप
## (रूपये 50/- नान ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर)

मैं ..................................................जो कि फर्म.......................................... पता ....................................................... के प्रोपराईटर (कंपनी/फर्म के हैसियत) है और फर्म की ओर से शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिये सक्षम है यह शपथ पत्र द्वारा शपथ पूर्वक यह प्रमाणित करते है कि कार्यालय प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक दिनांक कार्य का नाम ...................................इत्यादि के निविदा के बारे में प्रस्तुत किया जा रहा है मेरे द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ जो जानकारी एवं प्रमाण पत्र/अभिलेख/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है वह सत्य एवं सही है। एतद् संबंधी जानकारियों अभिलेखो एवं प्रमाण पत्रो की सत्यता के लिए मै पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहूंगाः-

1. यह कि निविदा प्रपत्र में दी गई जानकारी तथा संलग्न किये गये समस्त दस्तावेज पूर्णत सत्य एवं प्रमाणित है।
2. यह कि मेरे
   (अ) प्रोसेसिंग फीस एवं ई.एम.डी. के रूप में जमा की गई एफ.डी.आर/डिमाड ड्राफ्ट अन्य संबंधित दस्तावेज जो बैंक के द्वारा प्रदाय किये गये है वे बैंक से प्रमाणित है।
   (ब) वित्तीय अर्हताये एवं वार्षिक टर्नओव्हर की जानकारी सही है।
   (स) विभिन्न भौतिक अर्हताओ की जानकारी सही है।
3. मै भारत सरकार/अन्य राज्यों के राज्य सरकार/राज्य सरकार के किसी भी विभाग में काली सूची में सम्मिलित नहीं हूँ/है या डिबार नही किया गया हूं/है।
4. यह कि आपके विभाग/संस्था में मेरे/हमारी फर्म/कंपनी के सदस्यों का कोई निकट रिश्तेदार कार्यरत नहीं है।
5. यह कि मेरे/हमारे/फर्म के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण कही भी पंजीबद्ध नही है।
6. यह कि निविदा प्रपत्र में अंकित दरें भारतीय रूपयों में है।
7. निविदा की समस्त नियम/शर्ते स्वीकार्य है।

नोटरी द्वारा सत्यपित

प्रो./फर्म
हस्ताक्षर मय सील

# विभागों एवं शाखाओं से निकलने वाले कपड़े इत्यादि के नाम

| क्रमांक | नाम |
|---|---|
| 1 | कुर्ता |
| 2 | पैजामा |
| 3 | डॉ. गाउन |
| 4 | पेसेंट गाउन |
| 5 | बेड सीट |
| 6 | टावेल |
| 7 | पेसेंट ड्रेप |
| 8 | पर्दा (सिंगल डोर) |
| 9 | पर्दा (डबल डोर) |
| 10 | टेबल क्लाथ |



File No. GENS-1105/32/2025-GOVERNMENT DENTAL COLLEGE SECTION (Computer No. 20262)
Generated from eOffice by Shailendra Das, CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT on 23/07/2025 02:33